1.	2	3	4
20.	Lakanpur Opencast project (expt)	June 1996	-do-
21.	Bhubaneshwari OCP M/s MCL	June 1996	Additional information awaited.
B. Forestry Clearance			
1.	Rehabilitation of villagers of Satbhaya and Kahnupur.	June 1994	Under process
2.	Banghawa minor irrigation tank, state-II	June 1996	-do-
3.	Iron ore mining by M/s Jindal strips Ltd. (Sundergarh Distt.)	June 1996	-do-
4.	Kathpal Chromite mines of M/Facor (Dhenkanal Distt.)	June 1996	-do-
5.	Saruabil chromite Mines in favour of M/s Mishrilall Mines (P) Ltd. (Jaipur Distt.)	June 1996	-do-
6.	Malkanallah minor irrigation project.	June 1996	-do-

रेलगाड़ियों की संख्या की पर्याप्तता

*258. **श्री नरेश यादव:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि देश के पूर्वोत्तर भागों से प्रतिदिन बहुत से मजदूर रोजगार हेतु दिल्ली, पंजाब, हरियाणा आदि की रेलगाड़ियों द्वारा यात्रा करते हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या इन यात्रियों की संख्या के अनुपात में रेलगाड़ियों की संख्या इस समय पर्याप्त है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस स्थिति में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

रेल मंत्री (श्री राम विलास पासवान): (क) से (ग) जी हां। यह सत्य है कि देश के पूर्वोत्तर भागों से बड़ी संख्या में मजदूर रोजगार के लिए रेल गाड़ियों से दिल्ली/पंजाब/हरियाणा आदि की यात्रा करते हैं। नियमित यातायात को सम्हालने के लिए मौजूदा गाड़ी सेवाएं प्रायः पर्याप्त हैं। भीड़-भाड़ वाली अवधियों में, जैसे छुट्टी/शादी/त्यौहारों/फसल की बुआई/कटाई, आदि के समय रेलें विशेष गाड़ियों की व्यवस्था करती है।

1995-96 के दौरान, रेलों ने अमृतसर और बरौनी के बीच सप्ताह में दो बार चलने वाली एक पूर्णतया अनारक्षित गाड़ी चलाई है। सप्ताह में दो बार चलने वाली 5205/5206 दिल्ली-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस की बारंबारता 1996-97 के दौरान बढ़ाकर इसे हर रोज़ चलाने तथा सप्ताह में दो बार चलने वाली 5209/5210 अमृतसर-बरौनी जनसेवा एक्सप्रेस की बारंबारता बढ़ाकर इसे सप्ताह में तीन बार चलाने का प्रस्ताव है।

कृषि अनुसंधान हेतु बुनियादी ढांचा

*259. **श्री राम जेठमलानी:** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में कृषि अनुसंधान हेतु एक विशाल बुनियादी ढांचा उपलब्ध है;

(ख) यदि हां, तो सम्पूर्ण अनुसंधान कार्य में कुल कितने वैज्ञानिक किन-किन संस्थाओं में कार्यरत हैं;

* अस्थायी